जिले में नेशनल लोक अदालत बनी न्याय की मिसाल

1905 प्रकरणों का हुआ आपसी समझौते से निराकरण, 29 पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरण निराकृत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 दिसम्बर । जिले में आज दिन शनिवार को न्याय का मानवीय चेहरा देखने को मिला, जब वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत में 1905 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया गया।

जिला न्यायालय बैढ़न, देवसर एवं सरई में आयोजित नेशनल लोक अदालत में वर्षो से लंबित मामलो का चन्द घंटो में समाधान हुआ। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक प्राधिकरण अध्यक्ष अतुल कुमार खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत ने साबित कर दिया है कि संवाद और सहमति से न्याय सरल, सस्ता और त्वरित बन सकता है। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश

अतुल कुमार खंडेलवाल, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बृजेंद्र देव पांडेय सहित जिले के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, विधिक सहायता अधिकारी अमित शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सौहार्द और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 20 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में प्री.लिटिगेशन के 1419 तथा न्यायालय में लंबित 486 प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायालय में लंबित क्लेम के 31 प्रकरणों में पक्षकारों को 1 करोड़ 92 लाख 83 हजार रुपये के अवॉर्ड पारित किए गए। वहीं 30 चेक बाउंस प्रकरणों में 33 लाख 79 हजार 249 रुपये की राशि का निपटारा हुआ। वहीं इसके अतिरिक्त लोक अदालत में 206 आपराधिक राजीनामा योग्य, 29 पारिवारिक एवं वैवाहिक, 138 विद्युत अधिनियम, तथा 52 सिविल एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का समाधान किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर पर विद्युत विभाग के 1006 प्रकरणों में 90 लाख 73 हजार 891 रुपये, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के 45 प्रकरण तथा ननि के जलकर व संपत्तिकर से संबंधित 60 लाख 98 हजार 264 रुपये के प्रकरणों का निराकरण हुआ।

12 लाख का विवाद सिर्फ ढाई लाख रुपए में खत्म, टूटा परिवार जुड़ा

नेशनल लोक अदालत में कई ऐसी सफल कहानियां सामने आईं, जिन्होंने न्याय व्यवस्था के मानवीय पक्ष को उजागर किया। एक प्रकरण में श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड एवं रामदुलारे शाह के बीच लंबे समय से चल रहे 12 लाख रुपये के विवाद को मात्र 2 .5 लाख रुपये में आपसी समझौते से समाप्त कराया गया। इससे दोनों पक्षकारों को समय, धन और मानसिक तनाव से राहत मिली। दूसरी प्रेरणादायक कहानी में मां और पुत्र के बीच भरण-पोषण एवं इलाज से जुड़े विवाद का समाधान हुआ। पुत्र द्वारा मां को प्रतिमाह 25 हजार रुपये भरण-पोषण देने तथा गंभीर बीमारी की स्थिति में संपूर्ण इलाज स्वयं वहन करने पर सहमति बनी। इस समझौते से पारिवारिक रिश्तों में आई दरार खत्म हुई और दोनों पक्ष भावुक माहौल में संतोष के साथ अपने घर लौटे। वहीं तीसरी सफल कहानी में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हुआ। दोनों ने आपसी समझौते से जीवनभर साथ रहने का संकल्प लिया।

सिंगरौली जिले में कोहरे और शीतलहर का कहर

ऊर्जाधानी शीतलहर की चपेट में, अलाव बन रहा सहारा

नवभारत न्यूज

चितरंगी 13 दिसम्बर । जिले में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले के कई इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

खासकर चितरंगी तहसील क्षेत्र के सोनतीर इलाके में स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। यहां सुबह के समय कोहरा इतना घना है कि 10 मीटर की दूरी तक कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा। सड़कों पर चलना लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के साथ-साथ शीतलहर ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ठंडी हवाओं के चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह और देर रात ठंड अपने चरम पर पहुंच रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह ठहर सा गया है।

एक नजर में

एनसीएल ने डीएव्ही कॉलेज ट्रस्ट के साथ किया एमओयू

सिंगरौली। सिंगरौली जैसे दूरस्थ परिक्षेत्र में देश की एनसीएल गुणवत्तायुक्त एवं किफायती शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 8 डीएव्ही स्कूल, 2 केंद्रीय विद्यालय और 1 डीपीएस विद्यालय को वित्तीय सहायता देकर उनका संचालन सुनिश्चित कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में एनसीएल ने अगले 15 वर्षों तक भी बेहद सस्ते दर पर अबाध गुणवत्तायुक्त शिक्षा मुहैया कराने के लिए डीएव्ही कॉलेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसाइटी, नई दिल्ली के साथ एमओयू को विस्तारित किया है।

मालवाहक वाहन जब्त, कई वाहनों पर चलानी कार्रवाई

सिंगरौली। जिले में सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सघन जाँच अभियान के साथ व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत चेक प्वाइंट उड़नदस्ता की टीम ने तीनगुड़ी चौकी पर सुरक्षार्थ जाँच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर एक मालवाहक वाहन को जप्त किया गया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर कई अन्य वाहनों के विरुद्ध चलानी कार्रवाई करते हुए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया गया। अभियान के दौरान परिवहन नियमों के उल्लंघन पर विशेष ध्यान देते हुए नियमानुसार कठोर चालानी कार्रवाई की गई।

अदाणी फाउंडेशन ने 300 से ज्यादा स्थानीय महिलाओं को किया प्रशिक्षित

प्रदर्शनी में स्थानीय हुनर रहा आकर्षण केंद्र

नवभारत न्यूज

सरई 13 दिसम्बर । जिले के बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड परियोजना परिक्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और कौशल विकास के प्रसार के लिए कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा अब तक 300 से ज्यादा स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चूका है।

सैकड़ों महिलाएं अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षण लेने के उपरांत मशरूम की खेती, सिलाई, सिक्की आर्ट, जैविक खेती, बायो गैस प्लांट, सहद उत्पादन, वाशिंग पॉउडर उत्पादन की यूनिट को सफलतापूर्वक संचालित कर रही हैं। इसी कड़ी में स्थानीय युवाओं और महिलाओं में वित्तीय जिम्मेदारी और दीर्घकालिक योजना की मानसिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता के माध्यम से उनमें आर्थिक समझ का निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्थानीय हुनर, हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद और कृषि-आधारित सामग्री विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में महिलाओं को उद्यमिता, विपणन, ब्रांडिंग, वित्तीय प्रबंधन तथा स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीण स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह आयोजन अत्यंत प्रभावी रहा। इस मौके पर जिपं उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर, यूनियन बैंक नीतिन पटेल, सीएसआर हेड मनोज प्रभाकर, ऋषभ सहित अन्य ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

महदेईया गांव के शासकीय भूमि पर बने पांच मकानों पर चला बुल्डोजर

तहसीलदार दुधमनिया, मोरवा टीआई सहित भारी संख्या में पुलिस एवं राजस्व अमला रहा मौजूद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 दिसम्बर । जिले के मोरवा थाना के गोरबी चौकी अंतर्गत ग्राम महदेईया में आज दिन शनिवार को राजस्व एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से शासकीय भूमि पर बने 5 मकानों को बुल्डोजर से जमीदोज करा दिया गया। कुल करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई।

बताया जा रहा है कि यह सभी मकान शासकीय भूमि पर बने थे, जबकि यह जमीन महावीर कोल वाशरी को आवंटित की गई

थी। इसके बावजूद कुछ स्थानीय लोगों ने बिना अनुमति के इस पर घर बनाकर कब्जा कर लिया था। आज दिन शनिवार की सुबह जिला प्रशासन की तरफ दुधमनिया तहसीलदार दीपेंद्र सिंह तिवारी, मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह एवं गोरबी चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह बल के साथ पहुंचे। वहीं जेसीबी मशीन का उपयोग कर शासकीय जमीन पर बने रामलल्लू पिता बाबूलाल, श्यामसुंदर एवं रामनिरंजन पिता जग्गनाथ व देवकुमार पिता हरिशंकर के अवैध मकानों को ढहा दिया गया। वहीं स्थिति को देख धर्मराज पिता रामदुलारे ने स्वयं ही अपना अवैध अतिक्रमण तोड़ना शुरू कर दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी जताया। उनका तर्क था कि उनके पास रहने के लिए कोई अन्य स्थान नहीं है और वे वर्षों से यहीं रह रहे हैं। इस पर तहसीलदार दीपेंद्र तिवारी ने स्पष्ट किया कि सभी अतिक्रमण कारियों को एक महीने पहले ही नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उन्होंने कब्जा नहीं हटाया। जहां आज बुल्डोजर के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया।

इनका कहना :-

महदेईयां के शासकीय भूमि में कुछ मकान बने थे, बेदखली की कार्रवाई की गई थी, जून महीने में ही हटाना था, बारिश के चलते कार्रवाई रोक दी गई थी। आज शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

दीपेन्द्र सिंह तिवारी
तहसीलदार, दुधमनिया

देवसर, सरई एवं बरगवां के 164 प्रकरणों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

देवसर 13 दिसम्बर । नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज देवसर न्यायालय में भी हुआ। जहां देवसर, सरई एवं बरगवां के 164 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 24 लाख रूपये की वसूली भी की गई।

जानकारी के अनुसार देवसर न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में देवसर के 80 प्रकरणों से 10 लाख रूपये की वसूली विद्युत मण्डल के द्वारा की गई। साथ ही एसबीआई देवसर ने 7 लाख 32 हजार रूपये का ऋण वसूला है। हालांकि मध्यांचल एवं यूनियन बैंक का स्टॉल नही लगा

था। कुल 164 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

बीएसी के निरीक्षण में अतरवा के शिक्षक मिले नदारत

कलेक्टर एवं डीईओ के निर्देश पर बीएसी उजागिर लाल चतुर्वेदी ने गत दिवस शासकीय विद्यालय अतरवा एवं परसौना का निरीक्षण किया। जहां विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मण सिंह एवं परसौना के मुस्कान डहेरिया पिछले सप्ताह 2 से 9 दिसम्बर तक नदारत रहे। बताया गया कि दोनों शिक्षक आये दिन विद्यालय से गायब रहते हैं। जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय की ओर भेज दिया गया है।

राखड़ को लेकर आप नेता ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

देवसर 13 दिसम्बर । आम आदमी पार्टी के युवा नेता इंजीनियर विवेक सोनी ने जिले में हो रहे अवैध तरीके से खुले वाहन में राखड़ ट्रांसपोर्ट को बंद करने के लिए, संघर्ष करने के लिए तैयार है।

आप के द्वारा विधानसभा सिहावल के तहसील देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र जियावन में सभा करके 15 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें एक प्रमुख समस्या का जिक्र किया था, जो की सिंगरौली-बैढ़न से सतना, कटनी, मैहर सीमेंट फैक्ट्रीओ के लिए जो राखड़ और कोयले की सड़क मार्ग से जो खुले वाहनों से ट्रांसपोर्टिंग की जा रही हैं, उसे रोक लगाते हुए बंद वाहनों से ट्रांसपोर्टिंग की जाए। लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, ना ही सिंगरौली से मैहर-सतना, कटनी राखड़ लेकर जाने वाली गाड़ियों को खुले रूप में ट्रांसपोर्ट करने पर अंकुश भी नहीं लगाया गया है।

शक्ति की आराधना से ही होगा मानवता का कल्याण : सौरभ

गोरा गांव में जिला स्तरीय 24 घंटे का श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ आयोजित

नवभारत न्यूज

सरई। 13 दिसम्बर । धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन सिंगरौली के सरई तहसील अंतर्गत आयोजित ग्राम गोरा में जिला स्तरीय 24 घंटे की अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के पूर्व सरई बाजार में नशामुक्त पदयात्रा निकाली गई, चलीसा पाठ कार्यक्रम में

उपस्थित भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव सौरव द्विवेदी ने कहा की वर्तमान का समाज चेतना और शक्ति से शून्य होता जा रहा है, आज अधिकांश परिवार आलस और जड़ता से ग्रसित है। अपनी समस्याओं को लेकर तनाव ग्रस्त हैं, युवा नशे के दलदल में फंसते जा रहे। लेकिन वर्तमान के भी विषम परिस्थितियों को देखते हुए धर्म सम्राट की चेतना परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने अपने आप को तपस्या में रत रहकर समाज को शक्ति की आराधना का ज्ञान दिया है। उन्होंने आगे कहा कि आज बच्चे घर से निकलते हैं और माता-पिता चिंतित रहते हैं बच्चे घर से निकलते ही गुटखा, पान, तंबाकू, गांजे के नशे में लिप्त हो जाते हैं। आज जिस तरह से म.प्र. की तस्वीर सामने आ रही है कि स्कूल जाती बच्चियां भी शराब के ठेकों में जाकर शराब खरीदती और पीती नजर आ रही है, सोचिए कहां जा रहा हमारा समाज।

लोक अदालत में दो क्लेम प्रकरणों का आपस में हुआ समझौता

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 दिसम्बर । नेशनल लोक अदालत सिंगरौली में आज दिन शनिवार को क्लेम प्रकरणों में आज उच्च केश में समझौता हुआ।

तेलदह-बरगवां मेन रोड में 20 जनवरी 2025 को कुंवर सिंह पिता लालशाह ने अपनी मोटर साईकिल व विजय विक्रम बस क्रमांक एमपी 19 पी 1972 के बीच दुर्घटना घटित हुई थी, जिसमें मौके पर ही कुंवर सिंह कि मृत्यु हो गई, जिसका प्रकरण बैढ़न न्यायालय में चल रहा था। उक्त प्रकरण में आवेदिका के अधिवक्ता हरमीत सिंह तथा यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कम्पनी के अधिवक्ता एके सिंह

गहरवार के महत्वपूर्ण प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच नेशनल लोक अदालत सिंगरौली आज बीमा कम्पनी द्वारा 19 लाख रूपये की राशि पर आपसी सहमति से समझौता किया गया है। 25 नवम्बर 2024 को शाम ग्राम नौगई थाना बैढ़न में रवि चंद साकेत पिता शिव प्रसाद साकेत ने अपनी मोटर साईकिल व टाटा वाहन के बीच दुर्घटना घटित हुई थी, जिसमें मौके पर ही रविचंद साकेत कि मृत्यु हो गई, जिसका प्रकरण बैढ़न न्यायालय में चल रहा था।

उक्त प्रकरण में आवेदिका के उक्त दोनों अधिवक्ताओं के महत्वपूर्ण प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच आज नेशनल लोक अदालत बैढ़न में बीमा कम्पनी द्वारा 24 लाख 50 हजार रूपये की राशि पर आपसी सहमति से समझौता किया गया है।

ननि से संबंधित प्रकरणों का प्रभावी क्रियान्वयन कर करें वसूली : सविता

ननि आयुक्त ने किया लोक अदालत शिविर का किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 दिसम्बर । नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान ने नेशनल लोक अदालत में निगम द्वारा लगाए गए शिविर का अवलोकन किया।

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम से संबंधित प्रकरणों का प्रभावी क्रियान्वयन कर बकायेदारों से प्रभार वसूली करें। आयुक्त ने कहा है कि लोक अदालत में अधिकतम मामलों का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। करदाताओं को बकाया कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता

प्रभार जमा करने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने ने कहा कि लोक अदालत में आने वाले बकायदारों अवगत कराए कि शासन के प्रावधानों के तहत देय उन्हें करों एवं प्रभारों पर निर्धारित सीमा तक ब्याज एवं अर्थदंड पेनाल्टी में छूट प्रदान की जा सकेगी। नेशनल लोक अदालत के दौरान कर एवं प्रभार वसूली को सुगम बनाने के लिए ई-नगर पालिका पोर्टल के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सभी मतदान केन्द्रों बीएलओ एवं बीएलए की बैठक 15-16 को सुनिश्चित करें : जामोद

रीवा कमिश्नर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मतदाता सूची के गहन पुनिरीक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 दिसम्बर । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना अवधि बढ़ाते हुये 18 दिसम्ब किया गया है। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा या पूर्व में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छूटे हुये आम जन मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 घोषणा पत्र सहित अपने मतदान केन्द्र के बीएलओ या निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आवेदन दे सकते हैं।

आशय का वक्तव्य कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ जिले के प्रावास पर आये रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने व्यक्त किया। रीवा कमिश्नर के अध्यक्षता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव बैनल, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में मतदाता सूची विशेष गहन पुनिरीक्षण एसआईआर की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कमिश्नर में अवगत कराते हुये कहा कि मतदान केन्द्रो का युक्तिकरण पुर्नव्यवस्थापन 18 दिसम्बर तक किया जायेगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसम्बर का मतदान केन्द्रो में किया जायेगा। संबंधित सूची के पर दावा आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने बीएलए को भी अवगत करायें कि ऐसे मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए हैं या छूटे हुये आम जन मतदाता का नाम सूची में शामिल करायें। बैठक के दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सुरेश जाधव, देवसर अखिलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।